खाटू में आने वाले | By Adviti Jain

खाटू में आने वाले को भरपूर दिया है
किसी को आज कल मगर ज़रूर दिया है

खाटू से लौटते हुए हर भक्त ने कहा
बाबा ने मेरी अर्ज़ी को मंज़ूर किया है
किसी को आज कल मगर ज़रूर दिया है

हारे का सहारा है हार करके आये जो
रंक को भी श्याम ने हुज़ूर किया है
किसी को आज कल मगर ज़रूर दिया है

खाटू के दर पे किरपा की बारिश में भीग लो
सागर कहीं पे और कहीं पे बूँद दिया है
किसी को आज कल मगर ज़रूर दिया है

हर पल दिखा रहा है श्याम अपना करिश्मा
बिट्टू की सारी मुश्किलों को दूर किया है
किसी को आज कल मगर ज़रूर दिया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-adviti-jain/